पंजाब केसरी 24/05/2025

# 'बैंकिंग और फाइनैंस : बैंकों एवं एन.बी.एफ.सी. में करियर के अवसर' विषय पर हुआ विशेषज्ञ व्याख्यान

अम्बाला, 23 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल कॉलेज में 'बैंकिंग और फाइनैंस : बैंकों एवं एन.बी.एफ.सी. में करियर के अवसर' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।



गांधी मैमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

इस दौरान आई.डी.बी.आई. बैंक के धीरज दीक्षित ने एक दो घंटे का ऑनलाइन इंटरएक्टिव सत्र लिया, जिसमें उन्होंने बैंकों एवं एन. बी. एफ.सी. में करियर के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की।

अपने संदेश में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र भारत में सबसे स्थिर और पुरस्कृत करियर क्षेत्रों में से एक है, जो स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को विविध प्रकार की भूमिकाएं प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन करके सफलता के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना ही जी.एम.एन. कॉलेज का लक्ष्य है। यह आयोजन अत्यंत समृद्ध एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ, जिसने विद्यार्थियों को बैंकिंग एवं वित्तीय उद्योग में उपलब्ध करियर पथों के प्रति स्पष्टता एवं दिशा प्रदान की।

अपने संबोधन में धीरज दीक्षित ने विस्तार से बैंकिंग करियर में उपलब्ध विभिन्न अवसरों को रेखांकित करते हुए बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में प्रवेश आई.बी.पी.एस. और एस.बी.आई. भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से होता है, जबकि निजी एवं विदेशी बैंक कैम्पस प्लेसमैंट, इंटर्नशिप और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से चयन करते हैं।

इस कार्यक्रम की पहल प्रबंधन विभाग की प्रमुख डा. भारती सुजन, सी.आर.सी. संयोजक कमलप्रीत कौर एवं डा. दिशा अरोड़ा के मार्गदर्शन में हुई।